# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 18.09.2026**

➢ **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा रेलवे सिग्नल केबिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को पिकअप में लदी चोरी की रेलवे सिग्नल केबिल सहित किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 17.09.2026 को थाना गजनेर पर वादी श्री सतेन्द्र सिह पुत्र प्रेम सिंह निवासी 49 मोहल्ला हरवंश बिहार थाना मिसरोड जिला भोपाल म0प्र0 की लिखित प्रार्थना पत्र बावत थाना क्षेत्र गजनेर के गेट नं.227 के पास रसूलपुर गोगूमऊ रेलवे स्टेशन से अज्ञात चोरों द्वारा 2000 मीटर रेलवे सिग्नल केबिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 233/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए रेलवे सिग्नल केबिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त मोहित पुत्र विजय कश्यप निवासी संजय नगर 03 मूर्ती कालोनी के पीछे, बांस बजरिया थाना बिहारीपुर जनपद बरेली हाल-पता किराये का मकान नौरइया खेड़ा थाना गोविन्द नगर जनपद कानपुर नगर को रायपुर गजनेर मार्ग थाना क्षेत्र गजनेर से दिनांक 18.09.2026 को पिकअप सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में 05 सह-अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। जिनकी गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

1..मोहित पुत्र विजय कश्यप उम्र करीब 25 वर्ष निवासी संजय नगर 03 मूर्ती कालोनी के पीछे, बांस बजरिया थाना बिहारीपुर जनपद बरेली हाल-पता किराये का मकान नौरइया खेडा थाना गोविन्द नगर जनपद कानपुर नगर।

**पूछताछ-** अभियुक्त मोहित उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 15/16.09.2026 की रात्रि को मैं व मेरे 05 साथी पुष्पेन्द्र उर्फ छोटे, राजकुमार, सिकन्दर, दिनेश व दिनेश का मित्र मटरी ने गोगूमऊ क्रासिंग के पास रखा रेलवे का तार पिकअप न0 UP77AT5587 से चोरी कर ले गये थे और दिनेश व पुष्पेन्द्र उर्फ छोटू ने उसे सुनसान जगह छुपा दिया था। पिकअप नं0 UP77AT5587 पुष्पेन्द्र उर्फ छोटू का है। पूर्व में चोरी किये गये तार को मैं व पुष्पेन्द्र उर्फ छोटू राजकुमार सिकन्दर पिकअप से दिनांक 17/18.09.2026 को रात्रि में कानपुर बेचने जा रहे थे तभी आप लोगों ने रोका, तो हम लोग डर गये थे और पुष्पेन्द्र तेजी से लोडर चलाने लगा और आगे जाकर लोडर रोककर अधेरे का फायदा उठाकर पुष्पेन्द्र उर्फ छोटू, राजकुमार व सिकन्दर भाग गये। मेरे बांये हाथ में तार उठाते समय चोट लग जाने के कारण मैं भाग नहीं पाया और आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया। जो गोगूमऊ क्रासिंग के तार चोरी किया था वह यही तार है कुछ तार दिनेश व उसके मित्र मटरी ने कहीं छिपा दिया है। जिसकी मुझे जानकारी नहीं है।

**बरामदगी –**

1. चोरी की रेलवे सिग्नल केबिल लम्बाई 1450 मीटर
2. एक नम्बर प्लेट UP77AT5587
3. 01 रिंच
4. 01 लोडर पिकअप नं0 UP77AT5587 घटना में प्रयुक्त।

**गिरफ्तारी करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री सनत कुमार
2. उ0नि0 श्री अभिषेक सिंह चौहान
3. उ0नि0 श्री राजकुमार

4. का0 503 पंकज कुमार
5. का0 राजेश
6. का0 सचिन